Dainik Bhaskar Pg 16, 13/7/22

फोर्टी का आई स्टार्टअप के लिए सरकार से एमओयू

जयपुर। फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) प्रदेश में स्टार्टअप को इंडस्ट्री में प्लेटफार्म उपलब्ध कराने में मदद करेगा। इसके लिए फोर्टी ने राज्य सरकार के सूचना एवं तकनीकी विभाग से एमओयू किया है। इस मौके फोर्टी वुमन विंग की प्रेसिडेंट रानू श्रीवास्तव, सेक्रेटरी ललिता कुच्छल, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सुनीता शर्मा और वाइस प्रेसिडेंट पायल चौधरी मौजूद रहीं। एमओयू के तहत फोर्टी प्रदेश के बेहतरीन स्टार्टअप का चयन करेगा। फिर इनको राज्य सरकार की आई-स्टार्टअप योजना के तहत 10 हजार से 25 लाख रुपए तक का सरकार से अनुदान दिलाया जाएगा। निवेशक भी उपलब्ध कराने में सहायता की जाएगी। फोर्टी स्टार्टअप प्रतियोगिता भी आयोजन करेगी।